# आईसीईई रॉ शुगर में गिरावट थमी



लंदन ◆ आईसीईई एक्सचेंज में रॉ शुगर के मूल्य में पिछले दिनों आई गिरावट बुधवार को कुछ हद तक थम गई। वैश्विक स्तर पर चीनी की अत्यधिक सप्लाई होने की संभावना के चलते मूल्य में गिरावट आई थी। लेकिन मई डिलीवरी रॉ शुगर कांट्रेक्ट की निपटान तिथि आने की वजह से गिरावट रुक गई। कई देशों में मई दिवस का अवकाश होने के कारण कारोबार भी काफी कम रहा। आईसीईई एक्सचेंज में मई डिलीवरी रॉ शुगर के दाम 0.06 सेंट (0.3 फीसदी) सुधरकर 17.66 सेंट प्रति पाउंड हो गए। सोमवार क़ो इसके भाव घटकर 17.13 सेंट प्रति पाउंड का स्तर छू गए थे। जुलाई 2010 के बाद रॉ शुगर के मूल्य में यह सबसे निचला स्तर था। गुरुवार को निपटान के लिए डिलीवरी के काफी सौदे खड़े होने के कारण मूल्य में स्थिरता दर्ज की गई। एक्सचेंज के अनुसार मई डिलीवरी कांट्रेक्ट में 14.3 टन रॉ शुगर की डिलीवरी होगी।

Business Bhaskar

2/5/13